मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर-दिसम्बर, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2000 (अग्रहायण 9,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री इन्द्रजीत कुमार, आवास एवं पर्यावरण मंत्री, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 39 की उपधारा (2) तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 35 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1999-2000 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री प्रेमनारायण ठाकुर, सदस्य, आदिम जाति कल्याण विभाग की शिक्षण संस्थाओ में प्राचार्यों के अनेक पद रिक्त होने से उत्पन्न स्थिति की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, सदस्य, विदिशा जिले के लटेरी नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण के नाम पर तोड़-फोड़ किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

निर्धारित समय

4. वर्ष 2000-2001 की द्वितीय अनुपूरक मांगों पर मतदान

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"दिनांक 31 मार्च, 2001 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या 1,2,3,4,6,8,10,11,12,13,14,15,17,19,20,21,23,24,26,27,28,29,39,41, 42,43,44,45,47,52,54,56,61,64,65,67,73,79,80 तथा 82 के लिए राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर दो सौ तीस करोड़, चौबीस लाख, अट्ठानवे हजार, तीन सौ रूपये की अनुपूरक राशि दी जाय".

2 घन्टे 30 मि.

5. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-4) विधेयक, 2000 (क्रमांक 37 सन् 2000) का पुरःस्थापन* करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 29 नवम्बर, 2000

---

* अनुपूरक मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.